# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 31.05.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे मन की बात कार्यक्रम में आकाशवाणी पर देशवासियों से करेंगे संवाद।
2. केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने की हजारीबाग में दिशा की बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश।
3. राज्यसभा चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन में मंथन तेज, झामुमो–कांग्रेस के बीच राज्यसभा उम्मीदवार पर चर्चा, हेमंत सोरेन से फिर मिले तेलंगाना के डिप्टी सीएम।
4. आईएसआई समर्थित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड, साहिबगंज के युवक समेत 8 संदिग्ध गिरफ्तार।
5. आरडीसीए महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आज, रातू रोड इलेवन और रॉकमेंस क्रिकेट एकेडमी के बीच होगी खिताबी भिड़ंत।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 134वी कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ऑनएआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से प्रादेशिक भाषाओं में भी कार्यक्रम प्रसारित किया जाएगा।

*********************

हजारीबाग समाहरणालय सभागार में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य व्यवस्था के गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त की। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि जिले में प्रशासनिक स्तर पर नई टीम का गठन किया गया है और उप विकास आयुक्त को प्रशासक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बैठक में हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना प्राथमिकता होनी चाहिए और इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

*********************

झारखंड में 18 जून को राज्यसभा की दो सीटों के लिए होने वाले चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। सत्तारूढ़ गठबंधन झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राजद और वाम दलों के बीच उम्मीदवारों के नाम पर मंथन जारी है। इसी सिलसिले में तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लु भट्टी विक्रमार्क ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा है कि गठबंधन के सभी दलों से बातचीत की जाएगी।

*********************

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भंजंत्री की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदाता मैपिंग की प्रगति और उससे जुड़ी समस्याओं पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर और बीएलए–2 के साथ समन्वय स्थापित कर मतदाता मैपिंग कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

*********************

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक बड़े बहु–राज्यीय अभियान के तहत पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े एक संदिग्ध आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में झारखंड के साहिबगंज निवासी नीतीश पासवान समेत कुल आठ संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली में आयोजित प्रेस वार्ता में विशेष पुलिस आयुक्त अनिल शुक्ला ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित 29 और 30 मई की रात कई राज्यों में सुरक्षा कार्यालयों और पुलिसकर्मियों को निशाना बनाने की साजिश रच रहे थे।

*********************

विश्व मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन दिवस के अवसर पर रांची में "चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो" थीम पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने की। इस अवसर पर पहली बार मासिक धर्म में प्रवेश करने वाली किशोरियों को हाइजिन और पोषण किट प्रदान की गई।

*********************

रांची और गुमला पुलिस की संयुक्त टीम के समक्ष झांगुर ग्रुप के प्रमुख तथा पांच लाख रुपये के इनामी अपराधी रामदेव उरांव ने अपने दो सहयोगियों प्रसाद उरांव और सुबास उरांव के साथ आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस के अनुसार, रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गठित विशेष टीम ने रांची–गुमला सीमा क्षेत्र में कार्रवाई की। इस दौरान तीनों को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित किया गया। बताया गया है कि वे झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर मुख्यधारा में लौटना चाहते थे।

*********************

गिरिडीह जिले की नवडीहा पुलिस ने अवैध शराब निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक नकली विदेशी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से लाखों रुपये मूल्य की नकली शराब जब्त की है। खोरीमहुआ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि छापेमारी के दौरान 61 पेटी तैयार नकली विदेशी शराब, 15 लीटर स्प्रिट, बड़ी संख्या में खाली बोतलें बरामद की गई।

*********************

भारतीय मौसम विभाग ने राज्य के 11 जिलों में आज वज्रपात के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। इसे देखते हुए विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। मौसम विभाग के अनुसार रांची, बोकारो, लोहरदगा, गुमला, धनबाद, कोडरमा, गिरिडीह, हजारीबाग, रामगढ़, खूंटी और सिमडेगा जिलों में गरज के साथ वर्षा हो सकती है। इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और वज्रपात होने की आशंका है।

*********************

रांची जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित आरडीसीए महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आज रातू रोड इलेवन और रॉकमेंस क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला जाएगा। यह मैच रांची के शाखा मैदान, सेक्टर–2 में सुबह साढ़े सात बजे से शुरू होगा। टूर्नामेंट का पुरस्कार वितरण समारोह दोपहर एक बजे आयोजित किया जाएगा। रांची जिला क्रिकेट संघ ने खेल प्रेमियों को फाइनल मुकाबला देखने के लिए आमंत्रित किया है।

*********************

और अब अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी अखबारों ने दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार नौ आाईएसआई के संदिग्धों की गिरफ्तारी की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा– देश में धमाकों की आतंकी साजिश नाकाम, साहिबगंज के युवक समेत आठ गिरफ्तार।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है–पहली झारखंड टी–20 की नीलामी पूरी, ईशान से महंगे बिके रॉबिन मिंज।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– राज्यसभा चुनाव के लिए मंथन तेज।

दैनिक जारण और रांची एक्सप्रेस की लीड है वैभव सूर्यवंशी को झारखंड सरकार बनाएगी स्वास्थ्य का ब्रांड एंबेसडर

*********************